# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस ने मोदी से पूछा, कहा हैं अच्छे दिन




**नई दिल्ली**-कांग्रेस ने आज भाजपा सरकार पर भारतीय नागरिकों के बजाय दूसरे देशों को पेट्रोल और डीजल सस्ते दामों पर बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि रिकॉर्ड ऊंची कीमतों से पीड़ित लोग इस ''धोखे'' के लिए चुनावों में उपयुक्त जवाब देंगे। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया कि ऐसे उत्पादों की तेजी से बढ़ती कीमतों के कारण आम आदमी पिस रहा है और इस सरकार ने ''दैत्यकारी कर'' लागू कर देश के 11 लाख करोड़ रुपये ''लूटे''।

उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार विदेशों को सस्ती कीमतों पर पेट्रोल और डीजल बेच रही है जबकि भारतीय सर्वकालिक ऊंची कीमतों के कारण पिस रहे हैं।'' उन्होंने एक बयान में आरोप लगाया, ''सरकार द्वारा लागू किए गए दैत्यकारी करों के कारण पेट्रोल और डीजल की कीमतें आसमान छूने लगी। ईंधन पर कठोर करों से मोदी सरकार को 11 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर हैं तथा आम आदमी, मध्यम वर्गों, किसान, ट्रांसपोर्टर तथा छोटे एवं मध्यम उद्योग इसका दंश झेल रहे हैं।

सुरजेवाला ने कहा, ''भारत में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 78-86 और 70-75 के वर्ग में उपलब्ध है लेकिन एक आरटीआई से खुलासा हुआ कि मोदी सरकार 15 देशों को पेट्रोल महज 34 रुपये प्रति लीटर और 29 देशों को डीजल मात्र 37 रुपये में बेच रही है। इन देशों में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, मलेशिया और इजराइल शामिल हैं। इस तरह से सरकार ने भारत के लोगों के साथ विश्वासघात किया तथा उनकी पीठ में छूरा घोंपा है।'' उन्होंने दावा किया कि जुलाई 2017 में कांग्रेस ने मांग की थी कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए लेकिन सरकार और भाजपा ने इसे नहीं माना। उन्होंने कहा, ''अब भारत के लोग आगामी चुनावों में भाजपा को उपयुक्त जवाब देंगे।''

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मई 2014 में पेट्रोल का उत्पाद शुल्क महज 9.2 रुपये प्रति लीटर था जबकि अब यह 19.48 रुपये प्रति लीटर है। उन्होंने दावा किया कि मई 2014 में डीजल का उत्पाद शुल्क 3.46 रुपये प्रति लीटर था लेकिन अब यह 15.33 रुपये प्रति लीटर है। भाजपा के सत्ता में आन के बाद से केंद्रीय उत्पाद शुल्क 12 गुना बढ़ गया है। सु रजेवाला ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों ने सभी भारतीयों का बजट बिगाड़ दिया है और लोग ''ईंधन लूट'' के लिए सरकार को ''कभी माफ नहीं करेंगे और भूलेंगे नहीं'' तथा वे आगामी चुनावों में भाजपा को उपयुक्त जवाब देंगे। उन्होंने कहा में दिल्ली में 70.26 रुपये प्रति लीटर की डीजल की आसमान छू रही कीमतें किसानों पर बुरा असर डाल रही है जिससे खाद्य पदार्थ की कीमतें बढ़ गई हैं। इसके अलावा दिल्ली में पेट्रोल 78.57 रुपये प्रति लीटर पहुंचने से आम आदमी के परिवहन के साधनों पर गंभीर असर पड़ा है।

# पुलिस का दावा, गिरफ्तार कार्यकर्ताओं के पत्र में था राजीव गांधी जैसी घटना का जिक्र



**मुंबई**-महाराष्ट्र पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि गिरफ्तार किये गए मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के माओवादियों से संबंध होने के बारे में ''ठोस सबूत'' हैं। साथ ही गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं में से एक द्वारा भेजे गए एक पत्र में 'मोदी राज खत्म करने के लिए राजीव गांधी जैसी घटना' की योजना बनाने का भी जिक्र है। महाराष्ट्र पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून व्यवस्था) परमवीर सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि रोना विल्सन और भाकपा माओवादी के एक नेता के बीच एक ई-मेल पत्र में राजीव गांधी जैसी घटना के जरिए ''मोदी राज'' खत्म करने के बारे में कहा गया है।

मानवाधिकार कार्यकर्ता रोना जैकब विल्सन को इस साल जनवरी में महाराष्ट्र के कोरेगांव-भीमा गांव में हुई हिंसा के संबंध में जून में दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि पत्र में ग्रेनेड लांचर खरीदने के लिए आठ करोड़ रुपये की जरूरत पड़ने का भी जिक्र है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने माओवादियों के भूमिगत कार्यकर्ताओं और अन्य कार्यकर्ताओं के बीच आदान-प्रदान हुए हजारों पत्र जब्त किए हैं। सिंह ने बताया,-रोना द्वारा माओवादी नेता -कॉमरेड प्रकाश को लिखे पत्र में कहा गया है। हमें यहां की वर्तमान स्थिति के संबंध में आपका आखिरी खत मिल गया है। अरुण (फरेरा) , वेर्नन (गोन्जाल्विस) और अन्य शहरों में चल रही मुहिम को लेकर समान रूप से चिंतित हैं। उन्होंने कहा, पत्र में चार लाख राउंड वाले ग्रेनेड लॉन्चर की वार्षिक आपूर्ति के लिए आठ करोड़ रुपये की जरूरत के बारे में भी कहा गया है।

सिंह ने कहा कि पत्र में प्रकाश से अपना फैसला बताने को भी कहा गया। सिंह ने पत्र के हवाले से कहा, कॉमरेड किसन और कुछ अन्य कॉमरेड ने मोदी राज खत्म करने के लिए कुछ ठोस कदमीव गांधी (हत्याकांड) जैसी ही अन्य घटना के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार कार्यकर्ताओं के बीच आदान-प्रदान हुए कुछ पत्रों में कुछ बड़ा कदम उठाने की योजना बनाने के बारे में भी कहा गया है, ताकि लोगों का ध्यान खींचा जा सके। सिंह ने बताया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जी एन साईबाबा को भी इसी तरह के सबूतों के आधार पर 2014 में गिरफ्तार किया गया था।

# चीन के प्रवक्ता की तरह कार्य कर रहे हैं राहुल गांधी-भाजपा



**नई दिल्ली**-भाजपा ने आज दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी चाहते थे कि आज कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना होते समय चीनी राजदूत उन्हें पारंपरिक रूप से विदा करें। साथ ही, उन पर ''चीनी प्रवक्ता'' की तरह हर जगह चीन के लिए बोलने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस से जानना चाहा है कि किस नेता और अधिकारी से राहुल अपने पसंदीदा देश चीन की यात्रा के दौरान मुलाकात करेंगे।

पात्रा ने राहुल की तीर्थयात्रा पर टिप्पणी नहीं की और कहा कि यह उनकी निजी यात्रा है। कैलाश मानसरोवर क्षेत्र चीन में पड़ता है। भाजपा नेता ने दावा किया कि चीन के राजदूत ने राहुल को पारंपरिक रूप से विदा करने के लिए भारत सरकार से इजाजत मांगी थी। लेकिन उनके पत्र का जवाब नहीं दिया गया। पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष के चीन कनेक्शन के बारे में पूछते हुए कहा, ''आप राहुल गांधी हैं ना कि चाइनीज गांधी। चीनी राजदूत एक गैर चीनी व्यक्ति को क्यों विदा करना चाहते हैं? ऐसा कोई प्रोटोकॉल नहीं है।'' उन्होंने पूछा, ''ये रिश्ता क्या कहलाता है?'' उन्होंने दावा किया कि राहुल विमान से नेपाल जा रहे हैं जहां से वह चीन जाएंगे। भाजपा ने संवाददाता सम्मेलन में राहुल की कई टिप्पणियों का एक वीडियो क्लिप भी चलाया जिसमें उन्हें (राहुल ने) पड़ोसी देश की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए दिखाया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष ''चीन के प्रवक्ता'' की तरह कार्य कर रहे हैं। पात्रा ने कहा कि भारत और चीन के बीच डोकलाम गतिरोध के दौरान राहुल ने चीनी परिप्रेक्ष्य को समझने के लिए चीनी राजदूत से मुलाकात की थी, जबकि उन्होंने ना ही भारत सरकार को विश्वास में लिया था और ना ही भारत का दृष्टिकोण जानना चाहा था।

उन्होंने राहुल के उस दावे का भी जिक्र किया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि चीन हर चौबीस घंटे में अपने लोगों को 50,000 नौकरियां देता है, जबकि भारत रोजाना 450 लोगों को ही रोजगार दे सका है और उन्हें कॉमिक शख्स करार दिया। पात्रा ने कहा, ''वह हर जगह चीन के लिए बोलते हैं, जैसे कि वह चीन का प्रचार करने के लिए रखे गए हों।'' भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि गांधी परिवार 2008 के ओलंपिक (बीजिंग) में चीनी सरकार का मेहमान था और चीनी राजदूत परिवार के सदस्यों को विदा करने हवाईअड्डा पर गए थे। उन्होंने पूछा कि इस देश के साथ उनका किस तरह का संबंध है।

# उपेंद्र कुशवाहा का बड़ा आरोप,मोदी के खिलाफ साजिश कर रहे हैं नीतीश

**नई दिल्ली**-केंद्रीय मंत्री और रालोसपा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने एक बार फिर बिना नाम लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हल्ला बोला है। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि कुछ लोग नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनने नही देना चाहते इसलिए वे अफवाह फैलाकर राजग में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं।

कुशवाहा का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर भुचाल मचा हुआ है। आपको पता ही होगा कि नीतीश के एनडीएमें वापस आने के बाद उपेंद्र कुशवाहा नाराज है क्योंकि नीतीश और कुशवाहा में आपसी मनमुटाव जोरों पर है।

# कांग्रेस का सवाल, आखिर मोदी सरकार राफेल मामले में जेपीसी से ज़्यों डर रही

**लखनऊ**-वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आनंद शर्मा ने आज कहा कि अगर राफेल डील मामले पर जांच के लिये संयुक्त संसदीय समीति (जेपीसी) का गठन नही किया गया तो उनकी पार्टी की सरकार जब सत्ता में आएगी तो पार्टी जांच के लिए राष्ट्रीय जांच कमीशन बनाएगी। शर्मा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि राफेल सौदा इस सदी का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा, ''अचानक दाम का बढ़ जाना और पब्लिक सेक्टर कंपनी को हटा देना, कई बड़े सवाल खड़ा करता हैं और प्रधानमंत्री को इन सवालो का जवाब देना चाहियें।'' उन्होंने कहा 'आखिर भाजपा सरकार इस मुददे पर जेपीसी गठित करने से क्यों डर रही है । अगर ऐसा नही हुआ तो सत्ता में आने पर हमारी पार्टी राष्ट्रीय जांच कमीशन गठित करेगी।' पूर्व वाणिज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि राफेल डील और नोटबंदी नरेंद्र मोदी सरकार के दो सबसे बड़े घोटाले है और आने वाले चुनाव में यह मुख्य मुददे होंगे। शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने आखिर क्यों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बजाये एक कम अनुभव रखने वाली कंपनी के साथ यह डील की।

# बीजेपी ने राहुल गांधी को कहा 'चाइनीज गांधी' छिड़ गया एक और विवाद

**नई दिल्ली**-आज कल कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की मानसरोवर यात्रा काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। कथित तौर पर कहा जा रहा हैं कि राहुल गांधी चीन होते हुए मानसरोवर यात्रा पर जा रहे हैं। उनका दौरा शुरू होने से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने उन्हें 'चीन प्रेमी' और 'चाइनीज गांधी' करार दिया।

बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि 'हम कांग्रेस से पूछना चाहते हैं कि चीन में किस किस नेता से राहुल गांधी मुलाकात करेंगे और क्या बातचीत होगी?' बीजेपी ने राहुल गांधी का एक तीन मीनट का वीडियो भी जारी किया जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष या तो चीन के प्रति अपनी राय रख रहे हैं या वो नेताओं से मिल रहे हैं। दूसरी तरफ इस बयान पर कांग्रेस ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि भगवान भोले शंकर के भक्त राहुल गांधी की यात्रा में भारतीय जनता पार्टी बाधा डालने का प्रयास कर रही है और यह पाप है। ऐसा करने वालों को श्राप मिलता है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने चीन होकर मानसरोवर जाने की खबर पर कहा कि सुरक्षा कारणों से रूट की जानकारी नहीं दी जा सकती है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक-रवि कुमार पोत्दार, 71/74, सुयश विहार, भमोरी दुबे, इन्दौर से प्रकाशित एवं आर्टटेक ग्राफिस, 864/9, नेहरु नगर, इन्दौर म०प्र० से मुद्रीत
प्रधान संपादक-रवि कुमार पोत्दार आर.एन.आई. नम्बर-12782/2003 e-mail- censortimes@ hotmail.com Mob No-9926631707